गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु तालाब निर्धारित किये गये है वहीं पर विसर्जन करें-आयुक्त।

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा मूर्ति विसर्जन हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया है। शासन के आदेश का पालन करते हुए नगर निगम भिलाई में सभी जोन क्षेत्र के तालाबो में मूर्ति विसर्जन के लिए अस्थाई पाॅड का निर्माण किया गया है। ऐसे श्रद्वालु जो अपने चिन्हित क्षेत्र में भगवान की पदस्थापना किये है, वे निगम क्षेत्र के तालाबो में बनाये गए अस्थाई पाॅड में ही मूर्ति विसर्जित करे। मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतो की गुणवत्ता प्रभावित होती है। जिसके कारण जलीय जीव-जन्तुओ के जान को खतरा होता है, जिससे जल प्रदुषित होता है। केन्द्रीय प्रदुषण बोर्ड द्वारा जारी आदेशानुसार मूर्ति विसर्जन क्षेत्र के चिन्हित तालाबो में बनाए गए पाॅड पर ही विसर्जन करें। जिससे जल प्रदुषण को रोका जा सके और जलीय जीव जन्तुओ को भी बचाया जा सके। प्रायः यह देखा जाता है कि श्रद्वालुओ द्वारा मूर्ति विसर्जन के दौरान स्वयं पानी के गहराई में चले जाते है जिससे उनके जान को खतरा बना रहता है। इस हेतु निगम के वार्ड सुपरवाईजरो की डयूटी लगाई गई है। ताकि मूर्ति विसर्जन के दौरान श्रद्वालुओ को किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। इसी तारतम्य में मूर्ति विसर्जन हेतु निगम भिलाई के इन स्थानो में पाॅड बनाया गया है जहां श्रद्वालु मूर्ति ले जाकर विसर्जन कर सकते है। प्रमुख स्थानः- जोन-01 के वार्ड 01 खम्हरिया आमाबंध तालाब, खम्हरिया, शीतला तालाब, जुनवानी शीतला ताालाब, वार्ड 07 राधिका नगर आमा तालाब, वार्ड 11 फरीद नगर लिम्हा तालाब, वार्ड 13 आर्यनगर शीतला तालाब। जोन-02 के वार्ड 16 शीतला तालाब सुपेला, वार्ड 22 कुरूद नकटा तालाब, शीतला तालाब, वार्ड 26 रामनगर मुक्तिधाम तालाब। जोन-03 के केम्प 02 तालाब। जोन-04 वार्ड 40 छावनी दर्री ताालाब। जोन-05 के वार्ड 65 सेक्टर 07 शिवधाम तालाब, वार्ड 70 हुड़को तालाब। इन तालाबो में मूर्ति विसर्जन पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंधः- वार्ड 02 स्मृति नगर तालाब थाना के सामने, वार्ड 04 नेहरू नगर भेलवा तालाब, वार्ड 06 संजय नगर तालाब, वार्ड 13 साकेत नगर भेलवा तालाब, वार्ड 13 हरी तालाब एवं बंधन तालाब, वार्ड 25 सूर्यकुण्ड हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर 02 तालाब, वार्ड 50 बाबा बालकनाथ मंदर, वार्ड 41 छावनी लक्ष्मण नगर तालाब, वार्ड 13 बापू सरोवर। नगर निगम भिलाई के महपौर नीरज पाल एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी श्रद्वालुओ से विनम्र अपील की है कि नगर निगम भिलाई द्वारा सभी जोन में गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु तालाब निर्धारित किया गया है। वही पर अस्थाई विसर्जन कुण्ड भी बना है, गणेश प्रतिमा का विसर्जन वहीं पर सावधानी पूर्वक करे।